53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 19.7°c अधिकतम 25.6 °c

**अमृतवाणी**

जो लक्ष्य में खो गया वही सफल हो गया।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकारते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए : योगी



सूर्योदय - 5:39, सूर्यास्त - 7:11 | वर्ष : 53/अंक : 211 | शुक्रवार, 01 अगस्त 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

वो शख़्स भी महान है मेरी निगाह में... अपनी खता पे खुद को जो मुजरिम करार दे....

# खेत में काम कर रहे किसान को बदमाशों ने मारी गोली, मौत, ग्रामीणों का हंगामा

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु)।** मुजफ्फरनगर में एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली की आवाज सुनकर पास में काम कर रहे परिजन मौके पर पहुंचे। किसान को खून से लथपथ हालत में अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना मुजफ्फरनगर जनपद के खतौली कोतवाली क्षेत्र के अन्ति गांव की है। गांव निवासी 50 वर्षीय किसान संजय खेत में काम कर रहे थे, तभी पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही संजय खेत में गिर पड़े। परिजन और ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे, तो वह लहूलुहान हालत में पड़े थे। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, "पुलिस को सूचना मिली थी कि अन्ति गांव में एक व्यक्ति को गोली लगी है। तत्काल क्षेत्रीय पुलिस के साथ मैं भी मौके पर पहुंचा। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। गन्ने के खेत में बदमाशों के छिपे होने की सूचना पर पूरे



इलाके की कॉम्बिंग की जा रही है। फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया है। चार टीमों का गठन कर जांच कराई जा रही है।

### भतीजा बोला मैंने पुलिस को खुद की कॉल, समय पर पहुंचती तो चाचा बच जाते

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु)।** किसान के भतीजे ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि उसके चाचा संजय अक्सर खेत पर ही रहा करते थे। जब उन्हें शक हुआ कि खेत में बदमाश छिपे हैं और उनका शक इतना पक्का था कि उन्होंने गांव वालों को बुला लिया। जैसे ही कुछ आगे बढ़े बदमाशों ने उनके पैरों में गोली मार दी। भतीजे ने बताया चाचा ने खुद पुलिस को कॉल किया मगर पुलिस ने चाचा की बात को हल्के में लिया और करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। इसी बीच बदमाश घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। भतीजे का कहना है कि गांव का बच्चा-बच्चा पुलिस की मदद को तैयार है मगर उनके कहने के बावजूद ड्रोन कैमरे नहीं भेजे जा रहे है। उन्हें शक है कि बदमाश खेतों में ही छिपे हैं।

# दर्दनाक हादसे में चाचा-भतीजे की मौत, कार-बाइक के टकराते ही हुआ धमाका

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु)।** बुढ़ाना थाना क्षेत्र के कांधला मार्ग पर जौला गांव के निकट एक ईको कार की बाइक से इतनी भयंकर टक्कर हुई कि हादसो होते ही गोला सा फूट गया। दर्दनाक हादसे में चाचा-भतीजे ईको कार के पहिये के नीचे उलझ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। हादसे के तुरन्त बाद चालक कार मौके पर छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। बताया जाता है कि भतीजा सलमान 20 वर्ष व चाचा अब्दुल 22 वर्षीय थे और दोनों कांधला की ओर से अपने गांव जौला वापस लौट रहे थे। जैसे ही दुर्घटना के दौरान चीख-पुकार मची तो राहगीर इकट्ठा हो गए और पुलिस को इसकी सूचना दी। इसी बीच ग्रामीण एक मृतक को सांसे चलता देख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, मगर डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। मौके पर सीओ गजेन्द्रपाल सिंह पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शान्त किया। जैसे ही चाचा-भतीजे की दर्दनाक मौत की खबर गांव में पहुंची तो पूरा गांव गमगीन हो गया। बताया जाता है कि दोनों चाचा-भतीजे के बीच गहरी दोस्ती थी। फिलहाल पुलिस ईको गाड़ी के चालक की तलाश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने कोई मुकदमा नहीं लिखवाया था। पुलिस का कहना है कि फिलहाल समझा-बुझाकर परिजनों को भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर आती है तो तुरन्त कार्यवाही की जाएगी।









घटना के बाद मौके पर पड़े मृतकों के शव तथा मृतकों के फाइल फोटो तथा दुर्घटना ग्रस्त कार।

### स्कूल मर्जर पर योगी सरकार ने लिया फैसला, 1 किमी से अधिक दूरी वाले विद्यालय नहीं होंगे विलय



**लखनऊ, 31 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में प्राइमरी स्कूलों के मर्जर पर सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि 1 किमी से अधिक दूरी वाले किसी भी स्कूल को मर्ज नहीं किया जाएगा। यही नहीं, अगर किसी स्कूल में 50 से अधिक छात्र हैं तो उसे भी मर्ज नहीं किया जाएगा। यह ऐलान बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने किया है। स्कूल मर्जर का विभिन्न जिलों में विरोध हो रहा था। वहीं विलय के बाद दूसरा स्कूल दूर पड़ रहा था। इसका भी अभिभावक विरोध कर रहे थे। ऐसे में राज्य सरकार ने प्राइमरी स्कूल विलय पर फैसला लेते हुए कहा कि एक किलोमीटर से अधिक दूरी वाले किसी भी प्राथमिक विद्यालय को मर्ज नहीं किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि जिस भी विद्यालय में छात्रों की संख्या 50 तक होगी, उनमें तीन शिक्षकों की तैनाती अनिवार्य होगी। वहीं हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीतापुर जिले के स्कूल मर्जर पर अगले आदेश तक रोक भी लगा दी थी।

# छाता व्यापारी से पचास लाख रुपये मांग रहे भ्रष्टाचारी हिमांशू का पत्ता साफ, तत्काल प्रभाव से निलम्बित

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** छाता व्यापारी से पचास लाख रुपये की मांग कर रहे जीएसटी विभाग के भ्रष्ट अधिकारी राज्य निरीक्षक हिमांशू को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। आपको बता दें कि 30 जुलाई दिन बुधवार को उस समय जिले के उद्योग जगत में हा-हाकार मच गया था जब श्री सन्मति एग्जिमा प्राइवेट लिमिटेड के स्वामी राजेश जैन ने भ्रष्टाचार का विरोध करते हुए रिश्वतखोर हिमांशू की शिकायत जीएसटी कमिश्नर से की थी। उक्त समाचार जब सोशल मीडिया पर सुर्खियां बना तो राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को उक्त मामले की जानकारी दी गयी। जानकारी के बाद सरकार की किरकिरी होता देख हाथोंहाथ निर्णय लेते हुए तत्काल इसकी शिकायत प्रमुख सचिव श्री एम देवराजन एवं कमिश्नर नितिन बंसल आदि अधिकारियों को की गयी, जिसके बाद गुरूवार को दिन निकलते ही भ्रष्टाचारी हिमांशू को सस्पेंड कर दिया गया। हिमांशू के सस्पेंड होने का समाचार बुलेटिन सोशल मीडिया के माध्यम से सुबह 9 बजे ही प्रसारित किया गया, जिसके बाद 11 बजे स्वयं राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इसकी पुष्टि की और कहा कि इस प्रकार की घटना से वास्तव में जिले व प्रदेश सरकार की छवि धूमिल होती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा जीरो टोलरेंस नीति पर चल रही है। गुरूवार को पूरा दिन पचास लाख की रिश्वत मांगने का मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने बुलेटिन फेसबुक पर खुलकर अपने मन की बात साझा कि और अलग अलग विभागों के भ्रष्टाचार की पोल खोलते चले गए। आम जन का कहना है कि इस सरकार में भ्रष्टाचार दस गुणा से पचास गुणा तक बढ़ा है और अधिकारी सिर खुद होकर सरकार को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।



### व्यापारी बोले - आरोपी हिमांशू पर एफआईआर क्यों नहीं?

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** उद्योग जगत के उद्योगपति बेशक हिमांशू के निलम्बन की कार्यवाही पर ही संतुष्ट हो गए हों, मगर अभी भी पचास लाख रुपये रिश्वत मांगने का हौसला जुटाने वाले हिमांशू के विरुद्ध व्यापारियों का गुस्सा कम नहीं है। उनका कहना है कि सिर्फ हिमांशू ही नहीं ऐसे जितने भी लोग जो भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जा रहे हैं, उनके खिलाफ सरकार के नेता एफआईआर क्यों नहीं करा रहे। एफआईआर कराने से निकट भविष्य में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों के हौसले ढह जाएंगे और सिर्फ निलम्बन की कार्यवाही हुई तो दो चार महीने बाद फिर वही धींगामुश्ती हो जाएगी और कोई न कोई व्यापारी फिर इन लोगों के उत्पीड़न का शिकार होगा। व्यापारियों ने यह भी सवाल उठाया कि हिमांशू के साथ एक और व्यक्ति, जिसका नाम ब्रो बताया गया था, उस पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई। व्यापारियों का यहां तक कहना है कि बिना वरिष्ठ आकिारियों की मिलीभगत के रिश्वत मांगने का काम नहीं हो सकता। इस पर भी जांच बैठनी चाहिए और अधिकारियों के विरुद्ध भी सरकार से कार्यवाही की मांग की जानी चाहिए।

# मालेगांव ब्लास्ट- साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित समेत सातों आरोपी बरी, कोर्ट बोला- तथ्य साबित नहीं हुए

**मुंबई, 31 जुलाई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इस केस में 7 मुख्य आरोपी थे। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। पीड़ितों के वकील शाहिद नवीन अंसारी ने कहा- हम एनआईए कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। इस मामले में जांच एजेंसियां और सरकार फेल हुई है। मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे। करीब 17 साल बाद आए फैसले में जज एके लाहोटी ने कहा कि जांच एजेंसी आरोप साबित नहीं कर पाई है। जज लाहोटी ने कहा कि धमाका हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं हुआ कि बम मोटरसाइकिल में रखा था। यह भी साबित नहीं हुआ कि मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा के नाम थी। यह भी साबित नहीं हो सका कि कर्नल प्रसाद पुरोहित ने बम बनाया।




### अमेठी में बकरी बचाने कुएं में उतरे सगे भाइयों में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**अमेठी 31 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में अमेठी के कमरौली क्षेत्र में कुयें में गिरे बकरी के बच्चे को बचाने के चक्कर में एक युवक की मौत हो गयी जबकि उसका सगा भाई अस्पताल में जीवन मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। पुलिस ने बताया कि पूरे छिटई मजरे सिंदुरवा गांव निवासी आमिर और फरहान सगे भाई है। बृहस्पतिवार को अचानक बकरी का बच्चा कुएं में गिर गया। बारी बारी से दोनों भाई बकरी के बच्चे के बचाने के लिए कुएं में कूद पड़े और बेहोश हो गए। आनन फानन में ग्रामीणों ने दोनो भाइयों को बाहर निकाला और इलाज के लिए जगदीशपुर ट्रामा सेंटर ले गए। जहां चिकित्सकों ने 25 वर्षीय आमिर को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरा भाई का अभी इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष करौली मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि दो सगे भाइयों की कुएं में गिरने की सूचना मिली थी जिसमें एक भाई की मृत्यु हो गई है दूसरे भाई का इलाज चल रहा है। लगभग 40 फीट गहरा कुआं था जिसमें पानी नहीं था। प्रारंभिक जांच में ऑक्सीजन की कमी की बात सामने आई है।

# भाजपा के सहयोगी बुढ़ाना के रालोद विधायक राजपाल बालियान ने चकबंदी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की पोल खोली

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु)।** कुछ भी कह लो धीरे-धीरे यह स्वयं प्रमाणित हो रहा है कि सरकार के रवैये में कहीं न कहीं बड़ा झोल है, जिस कारण भ्रष्टाचार सिर चढ़कर बोल रहा है। यूं ही कोई विधायक भ्रष्टाचार का इतना बड़ा आरोप नहीं लगाया करते, जी हां हम बात कर रहे हैं बुढ़ाना रालोद विधायक राजपाल बालियान की। आपको बता दें कि इन्हीं विधायक ने इससे पहले एसडीएम मोनालिसा जौहरी पर मौखिक नहीं बल्कि लिखित में आरोप लगाया था और इसी के चलते कुछ माह बाद ही एसडीएम को मुजफ्फरनगर से बहराइच जनपद के लिए रवाना कर दिया गया। इसके बाद आज फिर एक बार बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए जोरदार आवाज उठाई है। उन्होंने मोरकुक्का गांव की चकबंदी प्रक्रिया पर प्रेसवार्ता के दौरान धांधली का खुलासा किया। बड़ी बात यह है कि विधायक ने सिर्फ भाषणबाजी ही नहीं की बल्कि दोषी लेखपालों, कानूनगो और अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट अफसर किसी भी तरह से बाज नहीं आ रहे और वे जनता की जमीन के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने खुलकर चकबंदी सहायक आयुक्त की भूमिका पर बड़े सवाल उठाए और निष्पक्ष जांच की मांग की। विधायक का बताना है कि मोरकुक्का के ग्रामीणों ने चकबंदी में गड़बड़ी की शिकायत की थी, इसके बाद स्वयं उन्होंने मामले की पड़ताल की तो वास्तव में चकबंदी में भ्रष्टाचार पाया गया और उनकी जांच में लेखपालों और कानूनगों द्वारा रिश्वत लेकर चक आवंटन में हेर-फेर के सबूत पाए गए। उन्होंने बताया कि उन्होंने सीधा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और चकबंदी विभाग के सचिव से इस बात की शिकायत कर दी है। उन्होंने याद दिलाया कि मैं विधानसभा दल का नेता हूँ और जनता के हितों की रक्षा मेरी प्रथम प्राथमिकता है। विधायक द्वारा उठाए गए इस कदम की आमजन ने सराहना की। माना जा रहा है कि विधायक द्वारा उठाए गए भ्रष्टाचार के इस मामले पर जल्द ही रिजल्ट आएगा और इस कार्य में कई चकबंदी अधिकारी निलम्बित किये जाएंगे।



### बहराइच में मगरमच्छ के हमले में किशोर घायल

**बहराइच, 31 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के बहराइच में खैरीघाट थाना क्षेत्र के चौकसाहार गांव में सरयू नदी के किनारे शौच के लिए गये किशोर पर एक मगरमच्छ ने हमला कर दिया। इस हादसे में किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल अवस्था में परिजन तुरंत ही उसे सीएचसी शिवपुर लेकर पहुंचे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नलिन राजा ने बताया कि किशोर के शरीर पर गंभीर जख्म हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति संजीदा देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के कारण क्षेत्र में भय का वातावरण है। स्थानीय प्रशासन ने आवासीय क्षेत्रों के पास नदी के आसपास सतर्कता बढ़ा दी है।

# पुलिस और एसओजी की बदमाश से मुठभेड़,डकैती में शामिल पच्चीस हजार का इनामी प्रवीण घायल

**चरथावल, 31 जुलाई (बु.)।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। चरथावल थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम की देर रात एक कुख्यात बदमाश से मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश प्रवीण उर्फ कुक्कू घायल हो गया। घायल बदमाश के पास से तमंचा और बाइक बरामद हुई है। सूचना पर सीओ सदर देवव्रत वाजपेई मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। पकड़ा गया बदमाश मुकीम काला गैंग का सक्रिय सदस्य है। थाना चरथावल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वांछित बदमाश क्षेत्र में मौजूद है। वह चरथावल क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने आया था। इसी सूचना के आधार पर चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में एसआई पुष्पेंद्र सिंह, कांस्टेबल सोहनवीर, अर्जुन, सुशील, घनश्याम आदि ने एसओजी टीम के साथ चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने रात्रि दधेडू पुलिस चौकी के निकट हाईवे पर एक संदिग्ध को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया। इसमें बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान शामली जनपद के कैराना थाना क्षेत्र निवासी प्रवीण उर्फ कुक्कू के रूप में हुई है। प्रवीण पिछले महीने शामली जिले में हुई डकैती में वांछित था।उस पर विभिन्न थानों में करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की है। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। मौके पर पहुंचे सीओ सदर देवव्रत वाजपेई ने बताया कि प्रवीण उर्फ कुकू शातिर किस्म का बदमाश है। वह जनपद और अन्य जनपदों में लूट, हत्या व अन्य आपराधिक मामलों में वांछित चल रहा था। पुलिस बदमाश का अन्य आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।







### बिल्डिंग पर काम कर रहे युवक की गिरने से मौत

**भोपा, 31 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र ककरौली के एक युवक की हरियाणा में एक बिल्डिंग पर काम करते समय पैड से फिसलकर नीचे गिरने और करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार मे मातम छा गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी अब्दुल सलाम 23 वर्ष हरियाणा के सोनीपत में एल्यूमिनियम फेब्रिकेटर का काम करता था। बीते बुधवार को वह एक बिल्डिंग में काम कर रहा था, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह वहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे रोहतक स्थित एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। अब्दुल सलाम की मौत की सूचना जैसे ही परिजनो को मिली, तो उनका रो-रोकर बुरा हो गया। परिजनों ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश को मिला नया मुख्य सचिव, 1989 बैच के आईएएस अधिकारी एसपी गोयल को मिली जिम्मेदारी

**लखनऊ, 31 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश को मुख्य सचिव मिल गया है और 1989 बैच के आईएएस अधिकारी एसपी गोयल यूपी के मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त मुख्य सचिव एसपी गोयल को मुख्य सचिव पद का कार्यभार ग्रहण भी कर लिया है। यूपी के मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभालने वाले मनोज कुमार सिंह के कार्यकाल का आज अंतिम दिन था और इसी दिन नए मुख्य सचिव के नाम का भी ऐलान कर दिया है। एसपी गोयल साल 1989 बैच के अधिकारी हैं और मौजूदा समय में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव हैं और उनकी नौकरशाही पर मजबूत पकड़ मानी जाती है। एसपी गोयल की गिनती मुख्यमंत्री के सबसे खास अफसर के तौर पर होती है। जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यकाल शुरू हुआ तब से गोयल ही मुख्यमंत्री कार्यालय के लगातार प्रमुख रहे हैं।



# किसानों का इंतजार खत्म! कल आएगी 20वीं किस्त

**▶▶ शनिवार को पात्र किसानों के खातों में सीधे पहुंचेगी धनराशि ▶▶ जिले में 19वीं किश्त 2.08 लाख किसानों को मिली थी ▶▶ 40 हजार से अधिक किसान अभी तक योजना से वंचित**

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** पीएम मोदी देश के करोड़ों किसानों को शनिवार में बड़ी राहत देने वाले हैं। इस दौरान सरकार की ओर से शुरू पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त किसानों के खाते में पीएम के वाराणसी से संबोधन के साथ किस्त को सीधे काफी समय से इंतजार कर रहे किसानों के खातों में ऑनलाइन एक क्लिक के साथ पहुंचा दिया जाएगा। जी हां, देशभर के करीब 9.7 करोड़ किसानों का इंतजार अब शनिवार को अब खत्म हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 02 अगस्त को किसानों के खातों में करीब 20,500 करोड़ रुपये डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के तहत डाला जाएगा। जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से अभी 40 किसान से अधिक किसान योजना से वंचित चल रहे हैं। जिन किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है वह अपने दस्तावेज दुरुस्त करा लें। इसके साथ फार्मर रजिस्ट्री भी बनवा लें। बता दें लगभग 2.50 लाख किसान जनपद के कृषि विभाग पोर्टल पर पंजीकृत हैं, लेकिन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जनपद में मात्र 2.08 लाख किसानों को ही मिली थी। किस्त के रूप में किसानों के बैंक खाते में दो हजार रुपये आते हैं। अभी भी लगभग 40 हजार किसान सम्मान निधि से वंचित हैं। इसकी वजह यह है कि किसानों ने अपने दस्तावेज दुरुस्त नहीं कराए हैं। बड़ी संख्या में इन किसानों ने केवाईसी नहीं कराई। इसके साथ आधार कार्ड और कृषि संबंधित दस्तावेजों में खामियां हैं, अर्थात आधार कार्ड में नाम और पता कृषि विभाग में दर्ज नाम, पते से मैच नहीं कर रहा है। इसके चलते इन्हें अभी तक योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं, किसानों की कृषि भूमि को रजिस्टर्ड करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री भी बनाई जा रही है। जिले में अभी तक मात्र 1.29 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनी हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि योजना का लाभ पाने के लिए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करा लें। ऐसा न होने पर भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि पर संकट गहरा सकता है। देशभर में शुरू इस योजना के तहत पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में हर पात्र किसान को केंद्र सरकार की ओर से सालाना छह हजार रुपये दिए जाते हैं। यह आर्थिक मदद किसानों को तीन समान किस्तों में दी जाती है। प्रत्येक किश्त में दो हजार रुपये मिलते हैं। योजना का उद्देश्य यह है कि किसान को खाद, बीज खरीदने के लिए आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े। डीडी कृषि प्रमोद सिरोही ने बताया कि 2 अगस्त को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी हो रही है। एक वर्ष पूर्व जनपद में इस योजना के पात्र किसानों की संख्या 1.50 लाख थी, जो अब बढ़कर 2.08 हजार हो गई है। उन्होंने बताया कि जिले में विकास भवन सभागार, कृषि विज्ञान केन्द्र बघरा और चित्तौडा के साथ सभी ब्लॉक, ग्राम पंचायतों, मण्डी समितियों, सहकारी समिति, गन्ना समितियों पर 02 अगस्त को वाराणसी में संपन्न होने वाले पीएम किसान उत्सव दिवस में प्रधानमन्त्री द्वारा पीएम किसान की 20वीं किश्त जारी करने के सजीव प्रसारण के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।




# ....तेरी मंद-मंद मुस्कनिया पे, बलिहार संवारे जू

## – बाल लीलाओं की झांकी से गुंजायमान श्रीराम कथा महोत्सव


**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे दिन गुरूवार को एसडी कॉलेज मार्किट मंदिर प्रांगण में भक्ति भाव और उल्लास का संगम देखने को मिला। व्यासपीठ से कथा व्यास अरविंद जी महाराज ने श्रीराम की बाल लीलाओं का अत्यंत रोचक, भावनात्मक और प्रेरणादायक वर्णन प्रस्तुत किया, जिससे तमाम श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। भक्ति संगीत की इस ज्ञान गंगा में डुबकी लगाने के दौरान जब महाराज श्री ने कथा के बीच श्रीराम के बाल रूप का वर्णन करते हुए तेरी मंद-मंद मुस्कनिया पे, बलिहार संवारे जू। भक्ति गीत गाया तो पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा और बड़ी संख्या में इस बीच भक्त स्वतः ही नृत्य करने लगे। इस बीच पंडाल राममय होने के साथ जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। अरविन्द जी महाराज ने भक्तों पर ज्ञानमयी अमृत वर्षा करते हुए कहा कि आज का दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के मंगल दिवस के साथ बाबा तुलसीदास जी के जन्म के मंगल दिवस का भी अवसर है। उनका भी प्रकटोत्सव आज ही दिवस है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म एवं संस्कृति की यह अद्भुत भक्ति धारा वास्तव में सनातन धर्म कॉलेज मार्किट मंदिर में श्रीराम जन्म महोत्सव के साथ में श्रावण माह में श्रीराम कथा पाठ का श्रवण करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि बाबा तुलसीदास जी की कृपा से भक्तों को श्रीराम चरित्र रूपी धर्म ग्रंथ को मंदिर रूपी घर में रखने के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि कितना विरोध हुआ उस महापुरुष का, लेकिन उनकी इस अद्भुत कृति से मानव कल्याण के साथ धर्म और संस्कृति की रसधारा से हम लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बाल रूप में श्रीराम जी के गुणों, लीलाओं और मर्यादा की मनोहारी प्रस्तुति से जनमानस के हृदय को छू लिया। महाराज श्री ने श्रीराम जी का बाल रूप, उनकी माताओं संग लीलाएं, खेलकूद, कौशल व सहजता ने सभी आयु वर्ग के भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथा पंडाल में श्रीराम की कथा के साथ संगीतमय भजन व कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों ने इस बीच वातावरण को पूरी तरह से राममय बना दिया। आज के मुख्य यजमान एवं प्रसाद सेवा अशोक तायल ने की। मंच का संचालन अनिल नामदेव ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, रमेश साईं, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, पूजा दुआ, श्रीमोहन तायल, बिजेंद्र पाल, मंजू कंसल, सुकृति मित्तल, राजपाल कंसल, नरेश अरोरा, रमेश खुराना, सुदर्शन खरबंदा, अशोक गोयल, अजय कुमार गुप्ता, देवेंद्र बंसल, ओम प्रकाश ढींगरा, श्याम सिंह सैनी, राकेश कंसल, योगेश सिंघल, विजय तागरा, अनुराग गर्ग, श्याम जसूजा, सत्य प्रकाश मित्तल, रक्षित नामदेव, अचिन कंसल, राजू टैंट, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, अजय सिंघल,अनिल वर्मा लेखपाल, प्रदीप शर्मा सर्राफ आदि श्रद्धालुओं ने भी अपनी सपरिवार उपस्थिति से आयोजन की गरिमा बढ़ाई।


अलका सिंघल को महाराज श्री उसका खोया सोने का लॉकेट लौटाते हुए

## एसडी मार्किट एसोसिएशन ने महिला का सोने का लॉकेट लौटाया

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बुस.)।** बुधवार को एसडी कॉलेज मार्किट में चल रही अरविन्द जी महाराज की कथा के दौरान कथा सम्पन्न हो जाने के बाद प्रसाद लेते समय कुछ महिलाओं की गले से सोने की चेन गायब हो गयी। एसडी मार्किट एसोसिएशन द्वारा अपनी टीम लगाकर जब खोई चेन को ढूंढवाया गया तो एक सोने का लॉकेट मंदिर परिसर में पड़ा मिला, जिसे आज गुरूवार को कथा व्यास अरविन्द महाराज के द्वारा वापस अलका सिंघल को दिया गया। अपना सोने का लॉकेट वापस पाकर अलका सिंघल व उनके परिवार के चेहरे की खुशी देखते ही बनती थी।

# तुलसी पार्क में धूमधाम से मनाया गया संत तुलसीदास जी का जन्मोत्सव



**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बुस.)।** बुधवार को नगर में भक्ति और उत्साह के साथ संत तुलसीदास जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल तुलसीधाम में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रातःकाल से ही तुलसीधाम परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। मंदिर को फूलों और रंगीन रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। सुबह हवन और विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें वेद मंत्रों के उच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ और कई प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद् उपस्थित थे। सभी ने संत तुलसीदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूजा-अर्चना के बाद, संत तुलसीदास जी के जीवन और उनके अमर काव्य 'रामचरितमानस' पर आधारित एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। वक्ताओं ने तुलसीदास जी के आदर्शों, उनकी भक्ति और समाज को दिए गए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार रामचरितमानस आज भी हमें जीवन जीने की सही राह दिखाती है। आयोजकों में तुलसीधाम धाम पार्क गोल मार्किट के अध्यक्ष शिशुकांत गर्ग ने बताया कि इस पर्व का उद्देश्य नई पीढ़ी को तुलसीदास जी के जीवन से परिचय कराना और उनके मार्ग पर चलना सिखाना है। इस दौरान सतीश अरोरा, संरक्षक चन्द्र मोहन, प्रवीण जैन, संजीव संगम, किरण पाल, मोहित नागपाल, राजेन्द्र अरोरा, भारत अरोरा, सुरेन्द्र ठाकुर, गोपाल गर्ग, ज्ञानप्रकाश, रणजीत सिंह, अजय मदान, आकाशदीप संगम, विजय गुरचा, नवदीप मंगल, विक्रान्त गर्ग, अनुज गोयल, किरणपाल, ज्ञान प्रकाश, भानु प्रताप अग्रवाल, देवेंद्र जैन, कुलदीप चौहान, हंसराज सैनी इस दौरान सहयोगी संस्था - भारत विकास परिषद् मुजफ्फरनगर 'संकल्प' से नीरज अग्रवाल, देवेंद्र जैन, श्रीराम परिवार सुखी परिवार, संकीर्तन मण्डल आदि शामिल रहे।

### तुलसीदास जी का जीवन बड़ा कठिन, श्री राम नाम का सहारा: अंकुर दुआ

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बुस.)।** तुलीदास जी का जन्म बड़ा ही दुखदाई था, ऐसे में जब उनका सहारा कोई नहीं था, तो उनको सहारा देने वाले भी श्रीराम थे। ऐसी थी श्रीराम की महिमा।

### ऐसे आयोजनों से युवाओं को प्रेरणा मिलती है : मीनाक्षी स्वरूप

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बुस.)।** ऐसे आयोजनों से हमें और हमारे युवाओं को प्रेरणा मिलती है। चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि मैं पहली बार तुलसी धाम के इस कार्यक्रम में आई हूं। आप सभी का धन्यवाद, आपने मुझे यहां बुलाकर सम्मान दिया।

## बाइक की टक्कर से अधिवक्ता घायल

**जानसठ, 31 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तहसील गेट के सामने विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवकों ने अधिवक्ता को टक्कर मार दी, जिसमें अधिवक्ता घायल हो गए। मौके पर भीड़ ने बाइक सवारों को पकड़ लिया और माफी मांगने के बाद छोड़ दिया। मीरापुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अचल गोयल व उनके पुत्र अधिवक्ता अनंत गोयल बृहस्पतिवार को कचहरी परिसर से तहसील परिसर में जा रहे थे। जैसे ही दोनों तहसील गेट के सामने पहुंचे, तो विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवकों ने अधिवक्ता अनंत गोयल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अधिवक्ता नीचे गिरकर घायल हो गए। मौके पर अधिवक्ताओं और राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने बाइक सवार युवकों को पकड़ लिया। बाइक सवार युवकों ने अधिवक्ताओं से माफी मांगी। इसके बाद उनको छोड़ दिया।

## शाहपुर क्षेत्र के गांव पलड़ा में तालाब की सही खुदाई न होने से बड़ा जलभराव

### - कई घरों का रास्ता हुआ बंद - प्राइमरी स्कूल के बच्चे भी पानी से गुजरने को मजबूर

**शाहपुर, 31 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के गांव पलड़ा में स्थित तालाब ओवरफ्लो होने के कारण गांव के मुख्य मार्ग पर पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के गांव पलड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन दिनों में हुई बारिश से गांव में स्थित तालाब ओवरफ्लो होने के कारण गांव के मुख्य मार्ग पर बारिश का पानी भर गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में स्थित तालाब की सफाई के लिए करीब दो वर्ष पूर्व लाखों रुपये खर्च किए गए थे, किंतु पूर्ण रूप से तालाब की सफाई नहीं की गई। पूरे गांव का पानी इसी तालाब में जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के अलावा गांव से पानी की निकासी का कोई और माध्यम नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग व कई गलियों में पानी भर जाने से ग्रामीण रमेश प्रजापति, सचिन प्रजापति, दीपक कुमार, धर्मपाल, संजय, अनिल, रामपाल, अशोक व महिपाल आदि दर्जनों ग्रामीणों व उनके परिजनों के अलावा इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर जल भराव होने से स्कूल में जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को भी पानी से होकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीण दीपक ने बताया कि गांव प्रधानपति ने मुख्य मार्ग से पानी की निकासी के लिए पंप आदि की व्यवस्था कराई है, बावजूद इसके कोई समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल भराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।



# शाहपुर क्षेत्र में महिला से 32 हजार रुपए की ठगी

### – दरोगा बनकर फोन-पे पर पांच किश्तों में हड़पे पैसे

शाहपुर, 31 जुलाई (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर में अपने मायके में आई हुई एक महिला ने अज्ञात लोगों पर 32 हजार रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी मोनिका पत्नी आकाश ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया कि वह पिछले करीब दो माह से गांव कमालपुर स्थित अपने मायके में आई हुई है।

उसने बताया कि नौ मई 2025 को उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई कि मैं दरोगा बोल रहा हूं, मेरे फोन पे से तुम्हारे फोन पे पर गलती से 35 हजार ट्रांसफर हो गए है, जिसका मैसेज भी पहुंच गया है मेरे रुपये वापस कर दो। महिला ने बताया कि उसने मैसेज चेक करने के बाद पांच किस्तों में 32 हजार रुपये वापस कर दिए। इसके बाद जब उसने अपना फोन-पे चेक किया, तो उसने देखा कि उसके फोन-पे पर कोई पैसा नहीं आया है। इसके बाद उसने रिसीव कॉल पर फोन किया, किन्तु कोई संपर्क नहीं हुआ। पीड़िता ने बताया कि उसके साथ धोखाधड़ी कर 32 हजार रुपये ठग लिए गये। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उसके रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपनी नाबालिग पुत्री स्तुति का नाम परिवर्तित कर स्तुति अग्रवाल कर दिया है। अब से उसे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए स्तुति अग्रवाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाएगा।

सौरभ गुप्ता
पुत्र अशोक कुमार गुप्ता,
निवासी-152, साउथ सिविल लाइन,
प्रकाश चौक, मुजफ्फरनगर

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 99,450 | चांदी- | 115200 |
| सिक्का- | 1290 | गिन्नी- | 74070 |


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## दहेज की मांग पूरी ना होने पर मारपीट कर घर से निकला

**सिखेड़ा, 31 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के गांव पुरबालियान निवासी महिला की शादी गांव धंधेड़ा में हुई थी। लड़के वालों की दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। महिला ने एसएसपी को शिकायती-पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। रुबीना पत्नी मोहसिन ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया। उसने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसकी शादी लगभग सात साल पहले मोहसिन पुत्र कल्लू उर्फ गुलमौहम्मद निवासी गांव धंधेड़ा के साथ हुई थी। इस शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च कर आभूषण, नगदी व कीमती सामान दिया था। ससुराल वालों ने शादी के कुछ दिन बाद ही उसे परेशान करना शुरू कर दिया। वह उसके घरवालों से अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। ससुराल वाले दहेज की मांग करते आ रहे हैं। सुसराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया, जैसे-तैसे कर वह घर पहुंची। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रुबीना की तहरीर के आधार पर पति मोहसिन ससुर कल्लू उर्फ गुलमौहम्मद, सास अकबरी , देवर मुरसलीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## पंचायत सहायक के पिता ने ग्राम सचिव के साथ की गाली-गलौच

**भोपा, 31 जुलाई (बु.)।** भोपा थानाक्षेत्र के गांव में रुड़कली तालाब अली के ग्राम पंचायत सचिव ने पंचायत सहायक के पिता पर कार्यालय में घुसकर गाली-गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने और मानदेय का दबाव बनाते हुए सरकारी रजिस्टर छीनकर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ग्राम पंचायत सचिव ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब अली के ग्राम पंचायत सचिव इंदु कुमार ने थाने पर पहुंचकर बताया कि बीते चार माह पूर्व गांव की ही एक युवती की ग्राम पंचायत सहायक के पद पर नियुक्ति की गई थी। ग्राम पंचायत सचिव ने आरोप लगाया कि नियुक्ति के बाद से ही पंचायत सहायक एक भी दिन कार्यालय में नहीं आई और ना ही कोई काम किया था। ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि गुरुवार को वह कार्यालय में बैठकर अपना शासकीय कार्य कर रहा था, तभी पंचायत सहायक का पिता अपनी पुत्री के साथ वहां पर आया और आते ही पंचायत सहायक का मानदेय दिलाने की मांग करते हुए उस पर दबाव बनाने लगा, जिसपर सचिव द्वारा मानदेय देने से मना की गई, तो आरोपी उसके साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पंचायत सचिव द्वारा आरोपी का विरोध करने पर आरोपी सरकारी रजिस्टर छीन कर ले गया और उसे देख लेने की धमकी दी, जिसके बाद साथी ग्राम पंचायत सचिवों के साथ भोपा थाने पर पहुंचे। पंचायत सचिव ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## व्यापार मंडल ने बेतहाशा विद्युत कटौती पर जताई नाराजगी

### - ऊर्जा मंत्री द्वारा वैश्य समाज पर की टिप्पणी पर जताया रोष



**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई ने प्रदेश में लगातार हो रही बेतहाशा विद्युत कटौती के साथ विद्युत विनामक आयोग द्वारा करीब 45 प्रतिशत बढ़ोतरी पर नाराजगी दर्ज कराने के साथ इसे रोके जाने के साथ फिक्स चार्ज को समाप्त किए जाने की मांग की। इसके साथ बीते दिनों ऊर्जा मंत्री द्वारा व्यापारियों के प्रति की अशोभनीय टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे जाने की मांग की। गुरूवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला एवं नगर इकाई ने प्रांतीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक कंसल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपे ज्ञापन में व्यापार मंडल ने प्रदेश में बढ़ती अघोषित विद्युत कटौती को गंभीर समस्या बताते हुए इससे व्यापारियों को होने वाले नुकसान से अवगत कराया। साथ ही इन व्यापारियों की आजीविका पूरी तरह प्रभावित होने की ओर भी सरकार का ध्यान दिलाया। इसके साथ व्यापार मंडल ने प्रस्तावित की गई दरों में बढ़ोतरी को रोके जाने के साथ शहरी क्षेत्रों में फिक्स चार्ज को समाप्त किए जाने की मांग की। उन्होंने इसे रद्द किए जाने के साथ वर्तमान में नगर क्षेत्र में लग रहे स्मार्ट मीटरों पर अधिक रीडिंग आने की शिकायत करते हुए कंपनी को भी ब्लैक लिस्टड किए जाने की मांग की। व्यापार मंडल ने हाल में ऊर्जा मंत्री द्वारा अधिकारियों के साथ संपन्न बैठक में व्यापारियों के ऊपर की गई टिप्पणी को सामाजिक ताने बाने को तोड़ने वाली बताते हुए इस मामले में कार्रवाई कराए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से श्याम सिंह सैनी, अजय सिंघल, प्रवीण खेड़ा, राकेश गर्ग, स. सुलक्खन सिंह, दिनेश बंसल, संजय मित्तल, हिमांशु कौशिक, अलका शर्मा, अंजू शर्मा, अन्नपूर्णा अग्रवाल, अनिशा भटनागर, धर्मपाल कपूर, अनिल तायल, अमित मित्तल, अभिजीत गंभीर, अमित गर्ग, अशोक छाबड़ा, पंकज शर्मा, पंकज अपवेजा, हरीश अरोरा, रामपाल सेन, शोभित गुप्ता, सोनिया तायल आदि मौजूद रहे।

## वारंटियों की धरपकड़ हेतु चला अभियान, 03 वारंटी गिरफ्तार

**चरथावल, 31 जुलाई (बु.)।** थानाक्षेत्र में वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया।पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अलग-अलग मामलों में न्यायालय में पेश न होने पर फरार चल रहे 03 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए तीनों वारंटियों को जेल भेज दिया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि थाना-क्षेत्र के गांव क्यामपुर निवासी अफलातून पुत्र मुसक्का व काला पुत्र अय्यूब रागड़ निवासी क्यामपुर के विरुद्ध न्यायालय में गौकशी का वाद विचाराधीन है। आरोपित के न्यायालय में नियत तिथियों में उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय द्वारा दोनों के वारंट जारी कर दिये गये थे। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में दूधली चौकी प्रभारी रामेश्वर दयाल ने कांस्टेबल इमरान खान व मनीष कुमार के साथ मिलकर अफलातून व काला को उसके मकान से गिरफ्तार किया है। अन्य वैधानिक कायार्वाही की जा रही है। वहीं उपनिरीक्षक परवेन्द्र कुमार ने कांस्टेबल लोकेश कुमार के साथ मिलकर अभियुक्त विकास उर्फ सत्यवीर पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम कसौली को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए तीनों वारंटियों को जेल भेज दिया है।



**भारतीय डाक विभाग**
**कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर मुजफ्फरनगर-251001**

पत्रांक:-TG/IT 2.0 ROLLOUT/2025-26 दिनांक 30/07/2025

**प्रेस नोट**

**IT 2.0 एप्लीकेशन का कार्यान्वयन-एक डिजिटल परिवर्तन पहल**

डाक विभाग को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अगली पीढ़ी की APT एप्लीकेशन का कार्यान्वयन प्रारंभ किया जा रहा है, जो डिजिटल उत्कृष्टता एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परिवर्तनशील पहल के अंतर्गत, उन्नत प्रणाली को मुजफ्फरनगर मंडल के सभी डाकघरों में दिनांक 04/08/2025 से लागू किया जाएगा।

इस आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित संक्रमण सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 02/08/2025 को नियोजित डाउनटाइम रखा गया है। इस दिन डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी सेवा स्थगन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन एवं कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं के सफल निष्पादन हेतु आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली का क्रियान्वयन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

APT एप्लीकेशन को एक बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तेज सेवा वितरण एवं अधिक ग्राहक- हितैषी इंटरफेस प्रदान करने हेतु डिज़ाइन किया गया है, जो डाक विभाग की स्मार्ट, प्रभावशाली एवं भविष्य-उन्मुख सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हम अपने सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने डाकघर आगमन की योजना अग्रिम रूप से बनाएं और इस अल्पकालिक असुविधा के लिए हमें क्षमा करें। हमें हुई असुविधा हेतु खेद है, और हम आपको यह विश्वास दिलाते हैं कि यह कदम बेहतर, तेज़ एवं अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाओं के लिए आवश्यक है।

'' डेटा माइग्रेशन एवं सिस्टम अपग्रेडेशन की प्रक्रियाओं के सफल निष्पादन हेतु दिनांक 02.08.2025 (शनिवार) को मुजफ्फरनगर मण्डल के समस्त डाकघरों में 'नो ट्रांजैक्शन डे' घोषित किया गया है। इस दिन किसी भी प्रकार का सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा।''

जारीकर्ता:
प्रवर अधीक्षक डाकघर
मुज़फ़्फ़रनगर मण्डल-251001

